# 63. भारत की प्राकृतिक वनस्पति

1. देश के सर्वाधिक क्षेत्रफल पर किस प्रकार के वन पाये जाते हैं?
   (a) पर्वतीय वन (b) उष्णार्द्र सदाबहार वन
   (c) आर्द्र मानसूनी वन (d) उष्णार्द्र पतझड़ वन
2. देश के उन भागों में जहाँ औसत वार्षिक वर्षा 200 सेमी० से अधिक तथा वार्षिक औसत तापमान 24°C के आसपास, वर्ष भर आर्द्रता 70% तक रहती है, किस प्रकार के वन पाये जाते हैं?
   (a) पर्वतीय वन (b) उष्णार्द्र सदाबहार वन
   (c) आर्द्र मानसूनी वन (d) उष्णार्द्र पतझड़ वन
3. देश के 100 से 200 सेमी० औसत वार्षिक वर्षा वाले भागों में किस प्रकार की वनस्पति पायी जाती है?
   (a) उष्णार्द्र सदाबहार वन (b) मैंग्रोव वन
   (c) उष्णार्द्र पतझड़ वन (d) मरुस्थलीय वन
4. 50 सेमी० से कम औसत वार्षिक वर्षा वाले क्षेत्रों में सामान्यतया किस प्रकार के वन पाये जाते हैं?
   (a) उष्णार्द्र मानसूनी वन (b) उष्णार्द्र पतझड़ वन
   (c) आर्द्र मानसूनी वन (d) मरुस्थलीय वन
5. दलदली अथवा ज्वार-भाटा क्षेत्रों में पाये जाने वाले वन को क्या कहा जाता है?
   (a) मैंग्रोव वन (b) शोला वन (c) मानसूनी वन (d) पतझड़ वन
6. भारत में मैंग्रोव वनस्पति का सर्वाधिक विस्तार किस राज्य में पाया जाता है?
   (a) गोवा (b) प० बंगाल (c) आ० प्र० (d) ओडिशा
7. भारत में चन्दन की लकड़ी के वन सबसे अधिक कहाँ पाये जाते हैं?
   (a) असम की पहाड़ियों में (b) शिवालिक की पहाड़ियों में
   (c) नीलगिरि की पहाड़ियों में (d) सतपुड़ा की पहड़ियों में
8. साइलेन्ट वेली (Silent Valley) के चर्चित होने का कारण है—
   (a) जनसंख्या विस्फोट (b) परमाणु केन्द्र की स्थापना
   (c) अधिक जल संचयन
   (d) जैव विविधता एवं सदाबहार वन का संरक्षण
9. फूलों की घाटी स्थित है—
   (a) केरल (b) जम्मू कश्मीर
   (c) उत्तराखंड (d) हिमाचल प्रदेश
10. शान्त-घाटी अवस्थित है—
   (a) केरल (b) कर्नाटक (c) उत्तराखंड (d) तमिलनाडु
11. पश्चिमी हिमालय में उच्च पर्वतीय वनस्पतियाँ 3000 मीटर तक की ऊँचाई तक ही उपलब्ध होती है जबकि पूर्वी हिमालय में 4000 मीटर की ऊँचाई तक मिलती है। एक ही पर्वत श्रेणी में इस प्रकार की विविधता का कारण है—
   (a) पूर्वी हिमालय का पश्चिमी हिमालय से अधिक ऊँचा होना
   (b) पूर्वी हिमालय का भूमध्य रेखा और समुद्र तल से पश्चिमी हिमालय की अपेक्षा अधिक निकट होना
   (c) पूर्वी हिमालय में प० हिमालय की अपेक्षा अधिक मानसूनी वर्षा होना
   (d) पूर्वी हिमालय की चट्टानों का पश्चिमी हिमालयी चट्टानों से अधिक उर्वर होना
   *[IAS, 1995]*
12. निम्न का सुमेल कीजिए—

| सूची-I | | सूची-II | |
|---|---|---|---|
| A. | सागौन | 1. | हिमालय की तराई |
| B. | देवदार | 2. | मध्य भारत |
| C. | सुन्दरी | 3. | सुन्दर वन |
| D. | सिनकोना | 4. | हिमालय के उच्च पर्वतीय क्षेत्र |

| कूट : | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

*[UPPCS, 1992]*

13. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए—

| सूची-I (वन प्रकार) | | सूची-II (प्रदेश) | |
|---|---|---|---|
| A. | उष्ण कटिबंधीय आर्द्र पर्णपाती | 1. | अरुणाचल प्रदेश |
| B. | उष्ण कटिबंधीय शुष्क पर्णपाती | 2. | सह्याद्रि |
| C. | अल्पाइन | 3. | मध्य गंगा मैदान |
| D. | उष्ण कटिबंधीय सदाबहार | 4. | तराई |

| कूट : | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

*[UPPCS, 2001]*

14. पश्चिमी घाट पर पायी जाने वाली वनस्पति का प्रकार है—
   (a) सदाहरित (b) अल्पाइन (c) सवाना (d) पर्णपाती

15. उष्ण कटिबंधीय आर्द्र सदाबहार वन पाये जाते हैं—
(a) अरावली पर्वतमाला पर (b) शिलांग पठार पर
(c) शिवालिक श्रेणी पर (d) प्रायद्वीपीय पठार पर

16. सुमेलित कीजिए—

| सूची-I (वार्षिक वर्षा) | सूची-II (वनों के प्रकार) |
|---|---|
| A. 100 से 200 सेमी० | 1. उष्ण आर्द्र सदाबहार वन |
| B. 50 से 100 सेमी० | 2. उष्ण कटिबंधीय पतझड़ वन |
| C. 50 सेमी० से कम | 3. उष्ण कटिबंधीय शुष्क वन |
| D. 200 सेमी० से अधिक | 4. मरुस्थलीय एवं अर्द्ध मरुस्थलीय वन |

| कूट : | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

17. निम्नलिखि में से कौन उष्ण कटिबन्धीय वर्षा वनों की अपेक्षा शीतोष्ण कटिबन्धीय वनों के उपयोग को अधिक आसान बनाता है?
1. बाजार से निकटता 2. अधिक मुलायम लकड़ी
3. अधिक लम्बे वृक्ष 4. समरूपता
नीचे दिए हुए कूटों से सही उत्तर चुनिये—
(a) 1 और 3 (b) 2 और 4 (c) 2 और 3 (d) 3 और 4
[IAS 1993]

18. निम्न में से किन पहाड़ियों पर उष्ण कटिबन्धीय सदाबहार वन पाये जाते हैं?
(a) नीलगिरि पहाड़ियाँ (b) अरावली पहाड़ियाँ
(c) राजमहल पहाड़ियाँ (d) शिवालिक पहाड़ियाँ [RRB 2003]

19. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य शहतूत रेशम उत्पादित करता है?
(a) ओडिशा (b) कर्नाटक (c) पश्चिम बंगाल (d) जम्मू-कश्मीर
[RRB 2003]

20. गंगा-ब्रह्मपुत्र के डेल्टाई क्षेत्रों में किस वृक्ष की अधिकता के कारण इसे 'सुन्दरवन' कहा जाता है?
(a) चन्दन (b) शीशम (c) सुन्दरी (d) इनमें से सभी
[RRB 2005]

21. भारत में चन्दन की लकड़ी के लिए प्रसिद्ध राज्य है—
(a) असम (b) केरल (c) कर्नाटक (d) प० बंगाल
[RRB 2003]

22. भारत के किस भौतिक प्रदेश में उष्ण कटिबंधीय से लेकर अल्पाइन प्रकार की वनस्पति मिलती है?
(a) दक्षिण का प्रायद्वीपीय पठार (b) उत्तर का विशाल मैदान
(c) उ० का हिमालय पर्वतीय प्रदेश (d) तटीय मैदान

23. भारत में सर्वाधिक महत्वपूर्ण व्यावसायिक वन है—
(a) उष्ण कटिबंधीय सदाबहार वन (b) उष्ण कटिबंधीय पतझड़ वन
(c) उष्ण कटिबंधीय अर्द्ध सदाबहार वन (d) कोणधारी वन

24. भारत के वनों में उष्ण कटिबंधीय और शीतोष्ण कटिबंधीय वन का योगदान क्रमशः है—
(a) 90% व 10% (b) 93% व 7% (c) 95% व 5% (d) 97% व 3%

25. भारत में प्रमुख वनस्पति कौन-सी है?
(a) पतझड़ वन (b) वर्षा वन (c) कांटेदार झाड़ियाँ (d) सवाना

26. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य तेंदु पत्ते का मुख्य उत्पादक है?
(a) ओडिशा (b) महाराष्ट्र (c) मध्य प्रदेश (d) उत्तर प्रदेश

27. भारत के निम्नलिखित क्षेत्रों में से किस एक में मैंग्रोव वन, सदापर्णी वन और पर्णपाती वनों का संयोजन है?
(a) उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश (b) दक्षिण पश्चिम बंगाल
(c) अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह (d) दक्षिणी सौराष्ट्र [UPSC 2015]

28. जो वन चक्रवातों के अवरोधकों का कार्य करते हैं, वे वन कौन-से हैं?
(a) मैंग्रोव वन (b) मॉनसून वन (c) अल्पाइन वन (d) एभस्रीन वन
[SSC 2015]

29. गंगा ब्रह्मपुत्र डेल्टा क्षेत्र का वन निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है?
(a) मॉनसून वन (b) वर्षा वन (c) पतझड़ वन (d) सुंदर वन
[BSSC 2015]

30. निम्नलिखित नदी डेल्टाओं में से किन पर मैंग्रोव वन पाए जाते हैं?
1. नर्मदा 2. स्वर्णरेखा 3. कृष्णा 4. गंगा
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए—
(a) 1 और 3 (b) 3 और 4 (c) 2 और 4 (d) 2, 3 और 4
[UPPCS 2015]

31. निम्नलिखित राज्यों पर विचार कीजिए—
1. अरुणाचल प्रदेश 2. हिमाचल प्रदेश 3. मिजोरम
उपर्युक्त राज्यों में से किसमें/किनमें उष्णकटिबंधीय आर्द्र सदापर्णी वन होते हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3 [UPSC 2015]

## उत्तरमाला

1. (d) 2. (b) 3. (c) 4. (d) 5. (a) 6. (b) 7. (c) 8. (d) 9. (c) 10. (a) 11. (c) 12. (c) 13. (a)
14. (a) 15. (d) 16. (b) 17. (b) 18. (a) 19. (b) 20. (c) 21. (c) 22. (c) 23. (c) 24. (b) 25. (a) 26. (c)
27. (c) 28. (a) 29. (d) 30. (d) 31. (c)